मांग संख्या 03

मुख्य शीर्ष 2055

मद क्रमांक 1

डिक्रीधन का भुगतान (भारित) मद अंतर्गत ₹ 100.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹ 1,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मुख्य शीर्ष 4055

मद क्रमांक 2

पुलिस मुख्यालय की विशेष शाखा में फील्ड यूनिट एवं ऑफिस कार्य के लिए 22 नग बोलेरो एवं 08 नग मोटर सायकल क्रय हेतु आकस्मिकता निधि से ₹ 190.00 लाख का प्रतीक अग्रिम स्वीकृत किया गया है।

अतः आकस्मिकता निधि से लिये गये अग्रिम की प्रतिपूर्ति हेतु ₹ 1,90,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद क्रमांक 3

चौथी वाहिनी, माना-रायपुर में छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति स्मारक की स्थापना व अन्य निर्माण कार्य हेतु (अनुमानित लागत ₹1000.00 लाख) इस वर्ष ₹100.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹ 1,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।